प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 02.05.2025 को मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले दो बड़े कार्यक्रमो: 1. "पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. अम्बरीश मित्थल द्वारा विशेष स्वास्थ्य वार्ता" 4 मई, 2025 को शाम 5 बजे से एवं 2. इंटेलिजेंस इन एक्शन: भारत की राजनितिक रणनीति से रणनीतिक कदम पर परिचर्चा" 5 मई, 2025 को शाम 5 बजे की जानकारी देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया|

प्रेस कॉन्फ्रेंस को डॉ ए. एस. प्रसाद, डॉ. अवध दुबे, डॉ. आई एम रोहतगी, स्वतंत्र सिंह तथा महेंद्र मोदी ने संबोधित किया तथा प्रश्नों के उत्तर दिए|

4 मई, 2025 को प्रस्तावित कार्यक्रम:

डॉ. ए. एस. प्रसाद ने बताया कि मर्चेंट्स चैंबर समय-समय पर अपने सदस्यों, उनके परिवारजनों एवं आम जनता के लिए स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। इसी कड़ी में 4 मई को प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि इस अवसर पर देश-विदेश में विख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, पद्म भूषण डॉ. अम्बरीष मित्थल पधार रहे हैं। डॉ. मित्थल विटामिन डी और थायरॉइड से जुड़ी शोधों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हैं। उनके अनेक शोध पत्र विश्व प्रसिद्ध जर्नलों में प्रकाशित होते रहते हैं। उन्होंने एम.बी.बी.एस. और एम.डी. कानपुर मेडिकल कॉलेज से तथा एंडोक्राइनोलॉजी में विशेषज्ञता ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (AIIMS) से प्राप्त की है। इसके बाद वे संजय गांधी पी.जी.आई. में प्रोफेसर रहे, तत्पश्चात वेदांता, दिल्ली में डायरेक्टर के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वे मैक्स हॉस्पिटल में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम में डॉ. मित्थल चैंबर के सदस्यों एवं प्रतिनिधियों को शरीर में हार्मोनों की महत्ता के विषय में विस्तार से जानकारी देंगे। वे यह भी बताएंगे कि हार्मोनल असंतुलन को नियंत्रित करने और उन्हें बेहतर बनाए रखने के लिए कौन-कौन से नवीनतम शोध और उपचार उपलब्ध हैं। साथ ही, डायबिटीज के प्रबंधन में मोटापा कम करने के लिए आई नवीनतम दवाओं की प्रभावशीलता, उनका उचित उपयोग और सावधानियों के बारे में भी मार्गदर्शन देंगे।

5 मई, 2025 को प्रस्तावित कार्यक्रम:

वर्तमान परिदृश्य तेज़ी से बदल रहा है ऐसे में भारत की भूमिका और उसके द्वारा उठाये गए रणनीतिक कदम अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते है| इसी परिप्रेक्ष्य में मर्चेंट्स चैम्बर प्रेक्षागृह में YT-DEF टॉक्स के आदि अंचित, मॉडरेटर के साथ एक विशेष टॉक शो आयोजित कर रहा है| इस टॉक शो में दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल होंगे :

1. कर्नल आर. एस. एन. सिंह: एक अनुभवी पूर्व रॉ अधिकारी है जिन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया मामलों पर व्यापक काम किया है| उनका अनुभव और अंतर्दृष्टि इस विषय पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करेगी|

2. 2. कर्नल अजय के रैना : एक सेवानिवृत कर्नल है, जिनकी सैन्य रणनीति और भू-राजनितिक मामलो पर गहरी पकड़ है| वे भारत के रणनीतिक युध्दाभ्यासो के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे|

कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख चर्चा विषय होंगे:

भू-राजनीतिक बदलावों में भारत की भूमिका,

भारत की राजनीतिक खुफिया नीति,

तकनीकी उन्नति और सैन्य तैयारियां,

सीमा सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता